पत्र सूचना शाखा

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

राज्यपाल ने बकरीद की बधाई दी

लखनऊः 21 अगस्त, 2018

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल श्री राम नाईक ने समस्त प्रदेशवासियों विशेषकर मुस्लिम भाई-बहनों को ईद-उल-अजहा (बकरीद) के अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएँ देते हुए उनके सुखमय जीवन की कामना की है।

श्री नाईक ने अपने बधाई सन्देश में कहा है कि ईद-उल-अजहा का पर्व क़ुरबानी का पर्व है, जो गरीबों तथा जरूरतमंदों की सहायता करने के लिए प्रेरित करता है। आज के समय में दूसरों को अपनी ख़ुशी में शामिल करके ख़ुशी बांटने की प्रवृत्ति को आगे बढ़ाने की जरूरत है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि ईद-उल-अजहा का पर्व देश में भाईचारा, सहयोग और शांति को अधिक मजबूती प्रदान करेगा।

अंजुम/ललित/राजभवन (319/26)